"बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष करने की प्रेरणा देता है"

चौमूं/कालाडेरा । सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में मंगलवार को जनजातीय गौरव एवं सांस्कृतिक विरासत पखवाड़ा कार्यक्रम के समापन समारोह तथा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की पूर्व संध्या पर जनजातीय पखवाड़ा समिति, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में "बिरसा मुंडा व्यक्तित्व व कृतित्व : जनजातीय दशा" विषय पर प्रसार वार्ता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह ने की, जबकि मुख्य संदर्भ वक्तव्य डॉ. जितेन्द्र लोढ़ा ने प्रस्तुत किया। अपने विस्तृत एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान में डॉ. लोढ़ा ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व, कृतित्व, संघर्षशील जीवन और सामाजिक योगदान के विभिन्न सबल पक्षों को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र में निहित शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रेरणाओं से परिचित कराते हुए उनके विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक आदिवासी जननायक अथवा स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता, जल-जंगल-जमीन पर अधिकार, धार्मिक सुधार और राजनीतिक प्रतिरोध के सशक्त प्रतीक थे। उनका संघर्ष अन्याय, शोषण और औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान की बुलंद आवाज था। डॉ. लोढ़ा ने जनजातीय समाज की ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, जीवन मूल्यों और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की भावना को संरक्षित करना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। बिरसा मुंडा का जीवन हमें अपनी अस्मिता के प्रति सजग रहने, अधिकारों के लिए संघर्ष करने तथा सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा देता है।

चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान और नवीन तकनीक का प्रयोग जरूरी : राज्यपाल



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अलवर में हैरीकॉन-2026 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

- कहा- एआई उपचार में सहायक, लेकिन चिकित्सकों का विकल्प नहीं

अलवर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र के निरंतर विकास और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनुसंधान और नवीन तकनीकों का प्रयोग आवश्यक है। चिकित्सा सेवाओं में केवल क्लिनिकल दक्षता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नए शोधों और आधुनिक तकनीक को भी अपनाना होगा। राज्यपाल शनिवार को टेल्को सर्किल स्थित हरीश हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित हैरीकॉन-2026 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने चिकित्सा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय एआई का है।

इसके उपयोग से मरीजों के उपचार में सुगमता आई है, लेकिन मशीनें चिकित्सकों की जगह नहीं ले सकतीं। चिकित्सा परामर्श में मानवीय संवेदनाओं और भावनाओं का विशेष महत्व है।उन्होंने कहा कि अच्छे चिकित्सक में किताबी ज्ञान के साथ मरीज के प्रति संवेदनशीलता भी होनी चाहिए। इससे उपचार की गुणवत्ता बढ़ने के साथ मरीज का चिकित्सक और चिकित्सा व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत होता है।

उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, योग और पारंपरिक भारतीय भोजन पद्धित को दिनचर्या में शामिल करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने पुरातन भारतीय चिकित्सा पद्धित के महत्व का उल्लेख करते हुए टीबी मुक्त और नशा मुक्त राजस्थान के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. डी.आर. राय, डॉ. हरीश गुप्ता, डॉ. के.के. गुप्ता, डॉ. इंदु सूद, डॉ. लवेश गुप्ता और डॉ. दीपेश गुप्ता सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए चिकित्साविद मौजूद रहे। इससे पूर्व राज्यपाल शनिवार को मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक की। राज्यपाल ने नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए अवैध शराब की बिक्री और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों को नशा मुक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया जाए। उन्होंने जिले में नशा मुक्ति अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग करने और जागरूकता गतिविधियां बढ़ाने पर भी जोर दिया।

सार-समाचार

अलवर में छात्रा ने आत्महत्या की

अलवर, (निंस)। शहर के बगड तिराहा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम 13 वर्षीय छात्रा ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय बच्ची घर में अकेली थी। उसका भाई स्कूल से लौटा तो वह कमरे में फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को फंदे से उतारकर ईएसआईसी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार बच्ची आठवीं कक्षा में पढ़ती थी और अलवर के एक छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी। करीब दो माह पहले उसका अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद से वह घर पर ही रह रही थी। शनिवार को उसके माता-पिता काम पर गए हुए थे। शाम करीब चार बजे भाई स्कूल से घर पहुंचा तो घटना का पता चला। उसने पड़ोसियों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। परिवार मूल रूप से डीग जिले का निवासी है और करीब तीन साल पहले रोजगार की तलाश में अलवर आया था। बच्ची के पिता मजदूरी करते हैं, जबकि मां एक कंपनी में काम करती हैं। परिजनों के अनुसार घर में किसी तरह का विवाद नहीं हुआ था। प्रारंभिक जांच में बच्ची के पिता के मोबाइल से इंस्टाग्राम चलाने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

डॉ.जसवंत सिंह यादव के निधन पर दिया कुमारी ने श्रद्धांजलि दी

अलवर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बहरोड़ विधायक एवं राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री आज अलवर स्थित डॉ. जसवंत सिंह यादव के निवास पहुंचीं, जहां उन्होंने उनके पार्थिव स्मृति चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दिया कुमारी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

टैक्स बार एसोसिएशन का स्टडी सर्किल और दीपावली मिलन समारोह आयोजित

अलवर। टैक्स बार एसोसिएशन, अलवर की ओर से शुक्रवार को द रिवाज रिसॉर्ट में स्टडी सर्किल मीटिंग एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें एसोसिएशन के सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में व्यावसायिक विषयों पर ज्ञानवर्धन के साथ आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल भी देखने को मिला। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में सीए महेश जैन ने जीएसटी के नवीनतम संशोधनों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं सीए अजय सिंघल ने आयकर अधिनियम के तहत सर्च प्रकरणों में मूल्यांकन प्रक्रिया और उससे जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डाला। दोनों विशेषज्ञों ने कानूनी एवं व्यावहारिक पहलुओं को समझाते हुए सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। एसोसिएशन की ओर से अतिथि वक्ताओं, कार्यक्रम संयोजकों और मंच संचालकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में कार्तिक एवं नितिन की लाइव म्यूजिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। संगीत और दीपावली के उल्लास के बीच सदस्यों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। इसके बाद हाई टी एवं स्नेह मिलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन नैंसी अठावाल एवं अर्पित अठावाल ने किया। आयोजन के संयोजक अधिवक्ता चैतन्य बाखरेड़िया एवं सीए अपूर्वा गोयल रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गुप्ता, सचिव सीए विपिन जैन एवं कोषाध्यक्ष सीए प्रमोद कुमार गाबा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। अंत में सचिव सीए विपिन जैन ने अतिथियों, वक्ताओं और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समारोह ने व्यावसायिक ज्ञानवर्धन के साथ संगठनात्मक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

कांग्रेसियों ने नेहरु जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया

टोंक। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित नेहरू पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने पंडित नेहरू को नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी से लेकर एक मजबूत, आधुनिक, लोकतांत्रिक एवं प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रखने में योगदान देने वाले देश के प्रथम प्रधानमंत्री प. नेहरू आजादी के बाद देश के सामने अनेक चुनौतियां थीं, ऐसे कठिन दौर में नेहरू ने अपनी दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और अटूट संकल्प के साथ भारत के सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक विकास को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू लोकतंत्र, समानता, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में गहरा विश्वास रखते थे। उन्होंने हमेशा ऐसे भारत का सपना देखा, जहां प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर मिले और सभी लोग एकता, भाईचारे एवं देशहित की भावना के साथ आगे बढ़ें इस अवसर पर अशोक महावर, कमलेश चावला, बरकात हसीन, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान, इम्तियाज खान, सीपी मेहता, रामदयाल गुनावत, नरेश बैरवा, राशन डीलर संघ से मोहम्मद शकील, आबिद मेव, एम. इस्लाम, नवीन बैरवा, इमरान पहलवान, सुरेंद्र रेगर, बासिद नूर, शाकिर खान, विक्रम बैरवा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी प्रकार देवली नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री और भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ जिंदल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर उन्हें याद किया।

'नेहरू की दूरदर्शी सोच पर खड़ा है आधुनिक भारत'

अलवर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि नेहरू की दूरदर्शी सोच और विकास की नीतियों पर ही आधुनिक भारत की मजबूत आधारशिला खड़ी हुई है। जूली ने कहा कि पंडित नेहरू ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के बाद देश के सामने संसाधनों की कमी और अनेक चुनौतियां थीं, लेकिन उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा और औद्योगिक विकास को प्राथमिकता देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी और एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना, बड़े बांधों, औद्योगिक इकाइयों, पंचवर्षीय योजनाओं और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विकास की नींव रखने में नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर और एसपी ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर देखी सुरक्षा व्यवस्था



जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रकाश और पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने चुनावी व्यवस्थाएं देखी।

- मतदाताओं से लिया फीडबैक , शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

खैरथल। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रकाश और पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने चौथे चरण के चुनाव के मतदान के दिन ग्राम पंचायत मायापुर, ग्वालदा, मिठियावास, चौपानकी सहित विभिन्न मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर अधिकारी कार्मिकों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर जारी मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया तथा मतदान दलों से अब तक हुए मतदान, मतदाताओं की उपस्थिति एवं मतदान की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मतदान केंद्र पर उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर मतदान व्यवस्थाओं एवं उन्हें उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।

उन्होंने मतदान केंद्र पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए सुरक्षा में तैनात कार्मिकों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान पूर्णत: स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्र पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं महिलाओं को मतदान के दौरान आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

हाड़ौता के शंकर लाल को पूर्व विधायक ने भेंट की स्कूटी

चौमूं/कालाडेरा । "नर सेवा ही नारायण सेवा" और अंत्योदय के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सामाजिक सरोकार की एक और अनूठी मिसाल पेश की है। शर्मा ने ग्राम हाड़ौता स्थित शेरावतों की ढाणी निवासी वरिष्ठ दिव्यांग शंकर लाल शेरावत को स्कूटी भेंट कर उन्हें आत्मनिर्भरता का संबल प्रदान किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पश्चात शर्मा ने वरिष्ठ दिव्यांग नागरिक शंकर लाल शेरावत का माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूटी की चाबी सौंपी। जनसंवाद कार्यालय के आवेदन पर हुई त्वरित कार्यवाही स्कूटी मिलने पर भावुक व प्रसन्नचित्त हुए दिव्यांग शंकर लाल शेरावत ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने रामलाल शर्मा जी के जनसंवाद कार्यालय पर जाकर स्कूटी के लिए आवेदन किया था, जिस पर शर्मा जी ने उनकी पीड़ा को समझते हुए त्वरित संज्ञान लिया और आज उन्हें पूर्ण सम्मान के साथ स्कूटी भेंट की है। इस अवसर पर रामलाल शर्मा ने कहा कि शंकर जी दिव्यांगता के कारण चलने-फिरने और अपने रोजमर्रा के दैनिक कार्यों के लिए काफी असहनीय व संघर्षपूर्ण जीवन जीने को मजबूर थे। इस संबल से अब उनका जीवन सुगम हो सकेगा और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ सकेंगे। शर्मा ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ दिव्यांग शंकर लाल को स्कूटी भेंट करने के पश्चात उनके मुख पर जो खुशी दिखी, उससे मन को एक गहरी संतुष्टि की प्राप्ति हुई है।

होटल में कमरा नहीं देने की बात पर बदमशों ने हमला किया

- स्टॉफ से मारपीट, जमकर की तोड़फोड़, 15 से 20 लाख रूपयों का किया नुकसान
- जयपुर-दिल्ली राजमार्ग स्थित होटल हाईवे प्रिंस पर एक दर्जन बदमाशों ने मचाया उत्पात

कोटपूतली। कस्बे से होकर गुजर रहे दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम रघुनाथपुरा स्थित सरूण्ड थाना क्षेत्र के होटल हाईवे प्रिंस पर विगत गुरूवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि को एक दर्जन से अधिक बदमाषों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जहां बदमाषों ने होटल में घुसकर स्टॉफ से ना केवल मारपीट की, बल्कि पुरे होटल में शीषे, कम्प्यूटर, फर्नीचर आदि सामान को तोड़फोड़ करते हुए करीब 15 से 20 लाख रूपयों का नुकसान पहुंचा दिया। यही नहीं पार्किंग में खड़ी ग्राहकों की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों के शीषे भी फोड़ दिये। प्रबंधन का आरोप हैं कि बदमाष जाते वक्त गल्ले में रखी करीब 2.50 लाख रूपयों की नकदी भी निकाल ले गये। हालांकि पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए 07 आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर लिया हैं, बाकी की तलाष में पुलिस टीमें जगह-जगह दबिष दे रही हैं। एसपी सतवीर सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी आरोपी को बक्षा नहीं जायेगा।

इस सम्बंध में होटल के मैनेजर हनुमान सिंह ने मामला दर्ज करवाया हैं कि विगत 12 नवम्बर की रात्रि करीब 11.30 बजे एक बोलेरो गाड़ी जिस पर सरपंच लिखा हुआ था, उक्त बोलेरों में सवार होकर 04 युवक आये एवं कमरा लेने की बात की तो उनसे आईडी मांगी गई। इस पर वे नाराज होकर गाली गलौच करते हुए होटल बंद करवाने की धमकी देने लगे। साथ ही भोजन कर रहे अन्य ग्राहकों व महिलाओं से भी अभद्र व्यवहार किया। इस पर पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस दो युवकों को अपने साथ ले गई, जबकि अन्य दो युवक वहां से चले गये। इसके बाद रात्रि करीब 1.30 बजे भी एक गाड़ी में सवार होकर दो युवक होटल पर आये एवं होटल बंद करवाने की धमकी देने लगे।

इसके बाद शुक्रवार तड़के करीब 4.15 बजे गाड़ी में सवार होकर आये करीब एक दर्जन बदमाष हमलावरों ने पत्थर, डण्डों आदि से लैस होकर होटल पर हमला कर दिया। आते ही कर्मचारी रमेष बुनकर पर जानलेवा हमला करते हुए वार किया तो उसने नीचे झुक कर व भाग कर अपनी जान बचाई। उक्त हमलावरों ने होटल के समस्त कांच व कांच के गेट, कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, बिलिंग प्रिन्टर, कैमरा डीवीआर व मषीन इत्यादि तोड़ दिये। साथ ही दो बड़े फ्रिज के कांच भी तोड़ते हुए उन्हें क्षितग्रस्त कर दिया एवं होटल में रूके पांच ग्राहकों की गाड़ियों के शीषे भी तोड़ दिये।

बीसलपुर-बांध से नहरों में पानी छोड़ने को लेकर दिया ज्ञापन

टोंक। रबी की फसलों की सिंचाई के लिए बीसलपुर बांध से नहरों में पानी छोड़ने को लेकर किसान महापंचायत के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने टोंक कलेक्टर टीना डाबी से मुलाकात की तथा इस इस घ्मुलाकात के दौरान रामपाल जाट ने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की सख्त आवश्यकता है। यदि समय रहते नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया, तो किसानों की फसलें प्रभावित होने की आशंका है। किसानों की मांग को गंभीरता से सुनने के बाद कलेक्टर टीना डाबी ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन दिया। कलेक्टर ने साफ किया कि इस वर्ष मानसून में बारिश कम होने के कारण बीसलपुर बांध अपनी पूर्ण भराव क्षमता तक नहीं भर पाया है। ऐसे में पेयजल और सिंचाई के बीच संतुलन बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस बैठक में बांध में उपलब्ध जलस्तर की समीक्षा कर यह तय किया जाएगा कि सिंचाई के लिए नहरों में कितना पानी छोड़ा जा सकता है।

मुनि सुभद्र सागर महाराज का पिच्छिका परिवर्तन समारोह सम्पन्न

- कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, जयकारों और भजनों से गुंजायमान हुआ कस्बा, 22 नवंबर को होगा विशाल भंडारा

अलवर,। श्री सम्भवनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, शिवाजी पार्क के तत्वाधान में शनिवार को परम पूज्य 108 मुनि श्री सुभद्र सागर जी महाराज का नवीन पिच्छिका परिवर्तन एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम दोपहर एक बजे हसन खां मेवात नगर स्थित श्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन पल्लीवाल महासभा भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सम्भवनाथ महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। मुनि श्री का पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य ममता एवं मीतू जैन, काला कुआं निवासी परिवार को मिला, जबकि शास्त्र भेंट करने का पुण्य लाभ नरेन्द्र कुमार जैन परिवार, हसन खां मेवात नगर को प्राप्त हुआ। मुनि श्री को नवीन पिच्छिका भेंट करने का सौभाग्य श्रेष्ठी अशोक कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष आकाश कुमार जैन, राका, गरिमा, धैर्य एवं शौर्या जैन परिवार को मिला। वहीं पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य घनश्याम जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आचार्य श्री एवं मुनि श्री की पूजा-अर्चना में स्थानीय जैन समाज के अध्यक्षों, सम्भवनाथ युवक मंडल, महिला मंडल, धर्म जागृति संस्था, खंडेलवाल जैन महिला मंडल, ज्ञान चेतना महिला मंडल, पल्लीवाल जैन महिला मंडल तथा गायत्री नगर जयपुर से आए श्रद्धालुओं ने विभिन्न द्रव्य एवं अर्घ्य समर्पित किए। मांगलिक क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य पं. विक्रम जैन अलवर ने सम्पन्न कराईं।मुनि श्री सुभद्र सागर जी महाराज ने मंगल आशीर्वचन में कहा कि यह उनका प्रथम चातुर्मास था। इससे पूर्व उनके सभी चातुर्मास आचार्यों के सान्निध्य में हुए। समाज के सहयोग और धर्म प्रभावना से यह चातुर्मास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने सभी श्रावक-श्राविकाओं को इसी प्रकार धर्म आराधना करते रहने का आशीर्वाद दिया। समारोह में सभी अतिथियों, श्रेष्ठीजनों, पुण्यार्जक परिवारों तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले लोगों का चातुर्मास समिति एवं श्री सम्भवनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। सम्मान करने वालों में मंदिर अध्यक्ष घनश्याम जैन, मंत्री नवीन जैन, अशोक जैन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने बताया कि समारोह में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



पावटा कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

पावटा। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर की पावन धरा पर शनिवार को भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अनूग्र संगम देखने को मिला। आयोजक केशव आशीष गर्ग व संयोजक बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाओं की कतारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उग्र। जहां सिर पर पवित्र कलश और कथा के मुख्य यजमान केशव गर्ग सपत्नीक सिर पर श्रीमद्भागवत ग्रंथ (पोथी) लेकर नंगे पांव यात्रा में आगे आगे चल रहे थे। वही पीछे बाबा भरतदास टोरडा धाम मंदिर महंत मंगलदास महाराज, बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर महंत जयराम दास त्यागी महाराज, कांकरिया धाम देवदत्त महाराज, वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक बृजेश कुमार पाठक रथ मे सवार होकर चल रहे थे। कलश यात्रा के दौरान पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अध्यक्ष मीना अजय सैनी, भाजपा नेता जगन चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, पार्षद सुरेश मीणा, मंगल चंद गर्ग, मनोज मित्तल, पावटा अग्रवाल महासभा अध्यक्ष बलदेव गोयल, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, पूर्व पार्षद विजय गुप्ता, विमल गर्ग, रिजवान कुरैशी, मंदिर कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, किशन लाल शर्मा, मामराज भंडारी, बंटी शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा, विनीत शर्मा, लोकेश टांक, प्रदीप टांक, धर्मेंद्र बटवाल, अमित बटवाल, गर्ग परिवार सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और मधुर भजनों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। यात्रा के मंदिर परिसर पहुंचने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक बृजेश कुमार पाठक ने कथा का वाचन करते हुए बताया कि भागवत केवल एक पुस्तक ही नहीं है, अपितु साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का ही स्वरूप है। यह बात स्वयं नारायण भगवान भागवत के 11 वें स्कंद में स्वीकार करते है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से कलियुग में सभी प्रकार के कष्टों का नाश होता है। वहीं पितरों को मुक्ति भी मिलती है।

आयोजन के तहत 14 नवंबर से 22 नवंबर तक प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा, जिसमें कथा व्यास द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति, ध्रुव चरित्र एवं भागवत महात्म्य सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन कर श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संस्कारों का संदेश दिया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा के समापन अवसर पर 22 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

फरीदाबाद में गजल पाठ करेंगे अलवर के रामचरण

अलवर। अलवर के वरिष्ठ गजलकार एवं साहित्यिक संस्था सृजक के संस्थापक सचिव रामचरण राग 15 नवंबर को फरीदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय गजल समारोह में अपनी गजलों का पाठ करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर गजल विधा के लिए कार्यरत संस्था परवाज-ए-गजल की ओर से फरीदाबाद के एनआईटी परिसर स्थित केएल मेहता दयानंद कॉलेज के सभागार में गजल-कुंभ का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता विख्यात शायर हसन फतेहपुरी करेंगे, जबकि वरिष्ठ शायर नोमान शौक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समारोह में आकाशवाणी के पूर्व निदेशक डॉ. लक्ष्मी शंकर वाजपेयी, मासूम गाजियाबादी, दीक्षित दनकौरी, विज्ञान व्रत, ओमप्रकाश यति और अलीना इसरत आदि मौजूद रहेंगे।

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

NAME CHANGE

I have changed my name from Sushil Kumar Sharma to Sushil Sharma R/o 285 South Gate No-9 Gandhi Path Vijay Dwar Vaishali Nagar Jaipur

आम सूचना सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दलपतपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर द्वारा आसोलाई विहार आवासीय योजना चाकसू मे विकसित की जाकर भुखण्डधारियों को समिति द्वारा पट्टे जारी किये गये थे। कुछ भू माफिया लोगो द्वारा उक्त आवासीय योजना दलपतपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर के नाम से फर्जी पट्टे जारी कर लोगो को बेच दिये गये थे जिसके संबंध मे समिति व्यवस्थापक द्वारा पुलिस थाना चाकसू पर मु न. 275/2021 रामकिशन रैगर, सांवरा बैरवा व अन्य के विरुद्ध धोखाधड़ी का दर्ज करवाया गया था तथा अभी उक्त आवासीय स्कीम मे प्लाट संख्या 02, 03, 13, 14 के फर्जी पट्टे संज्ञान मे आये है।
अतः कोई भी व्यक्ति या संस्था दलपतपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति के व्यवस्थापक से सम्पूर्ण जानकारी करने के पश्चात ही भूखण्ड खरीदे तथा सिमिति के द्वारा आवंटित किये गये समस्त पट्टाधारियों को सुचित किया जाता है कि अपने अपने पट्टो का सत्यापन सिमिति मे आकर करवा ले। अन्यथा इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वंय की होगी।
दलपतपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर (राजस्थान)

सर्विसेज

"एवरकूल रेफ्रिजरेशन"- फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयरकंडीशन, गीजर, माइक्रोवेव, टीवी, डीफ्रिज इत्यादि की सर्विसेज हेतु संपर्क करें- 9828559916, 22 गोदाम जयपुर

खोया पाया

भूखंड संख्या 20, तेजाजी नगर, नारदपुरा, साईपुरा, रामगढ़रोड, जयपुर का भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर द्वारा जारी पट्टा, रसीद, साइट प्लान दिनांक 02.06.2026 को जयपुर में गुम हो गए। राजस्थान पुलिस रिपोर्ट नं. 3247304/2026 (13.08.2026) है। मिलने पर कृपया घनश्याम मेहरा को mehraghanshyam50@gmail.com पर सूचित करें।